संख्या-17/2016/1220/62-1-2016-45जीडब्लू/2015

प्रेषक,

राजीव रौतेला,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0,
लखनऊ ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक- 25 अक्टूबर,2016

विषय-भूगर्भ जल विभाग में क्षेत्रीय सहायक के 01 नि:संवर्गीय अस्थायी पद का सृजन किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1308/62-1-2015-45जीडब्लू/2015, दिनांक 04 दिसम्बर,2015 के क्रम में आपके पत्र संख्या-376जी/भू0ज0वि0/डब्लू-1, दिनांक 24 जून,2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भूगर्भ जल विभाग में क्षेत्रीय सहायक पद के कार्यो का क्रियान्वयन किये जाने हेतु क्षेत्रीय सहायक का 01 नि:संवर्गीय अस्थायी पद वेतन बैण्ड-1, रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन रू0 1900/- में आदेश निर्गत होने की तिथि से 06 माह की अवधि हेतु सृजित किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

2- उक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अनुदान संख्या-13 के अन्तर्गत "लेखाशीर्षक-2702-लघु सिंचाई-आयोजेत्तर-02-भूजल-005-अन्वेषण-03-भूगर्भ जल सर्वेक्षण का विकास, आंकलन एवं सुदृढीकरण योजना" के अधीन सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-2 के अशासकीय पत्र संख्या-यू0ओ0-ई-2-962/दस-16, दिनांक 19-10-2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
राजीव रौतेला
विशेष सचिव।

संख्या- 17/2016/1220(1)/62-1-2016, तदद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
(2) वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-2/वित्त (सामान्य) अनुभाग-3,उत्तर प्रदेश शासन ।
(3) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
(4) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से
ओम नारायण अहिरवार
अनु सचिव ।